# बजट का सार

# BUDGET AT A GLANCE

# 2019-2020

बजट के सार में बजट अनुमानों को स्थूल समूहों में बांट कर परिलक्षित किया जाता है ताकि बजट को आसानी से समझा जा सके। यह दस्तावेज भारत सरकार की प्राप्तियों एवं व्यय के साथ-साथ राजकोषीय घाटे, राजस्व घाटे, प्रभावी राजस्व घाटे एवं प्राथमिक घाटे को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, इस दस्तावेज में उपयुक्त चार्टों और ग्राफों के माध्यम से प्राप्तियों के स्रोतों, उनके अनुप्रयोगों, ऋण के ब्यौरों तथा घाटे के संसूचकों, घाटा वित्त पोषण के स्रोतों तथा बजट को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण संघटकों का चित्रात्मक ब्यौरा प्रस्तुत किया जाता है।

2. ***राजकोषीय घाटा*** राजस्व प्राप्तियों जमा ऋण-भिन्न पूंजी प्राप्तियों तथा कुल व्यय के बीच का अंतर है। यह सरकार की कुल उधार संबंधी आवश्यकताओं को दर्शाता है। ***राजस्व घाटे*** का अर्थ राजस्व प्राप्तियों की तुलना में राजस्व व्यय अधिक होना है। ***प्रभावी राजस्व घाटा*** राजस्व घाटे तथा पूंजीगत आस्तियों के सृजन के लिए अनुदानों के बीच का अन्तर है। ***प्राथमिक घाटे*** को ब्याज अदायगियां घटाकर राजकोषीय घाटे द्वारा मापा जाता है।

3. बजट 2019-20 कृषि, सामाजिक क्षेत्र, शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दर्शाता है। यह राजकोषीय घाटे को स.घ.उ. के 3.4% पर रखते हुए सं.अ (2018-19) की तुलना में व्यय में ₹3,26,965 करोड़ बढ़ोतरी करके सिद्ध किया जाता है।

4. सं.अ. 2018-19 में कुल व्यय ₹24,57,235 करोड़ रखा गया है, जो ब.अ. 2018-19 से ₹15,022 करोड़ अधिक है। कुल व्यय में वृद्धि मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र, ब्याज भुगतान और आंतरिक सुरक्षा के लिए सहायता में बढ़ोतरी के कारण हुई है।

Budget at a Glance presents broad aggregates of the Budget in a reader-friendly document. This document shows receipts and expenditure as well as the Fiscal Deficit (FD), Revenue Deficit (RD), Effective Revenue Deficit (ERD), and the Primary Deficit (PD). of the Government of India. Besides, it presents a pictorial account of sources of receipts, their application, the details of debt and deficit indicators, sources of deficit financing and trends and composition of important budgetary variables through charts and graphs.

2. **Fiscal Deficit** is the difference between the Revenue Receipts plus Non-debt Capital Receipts (NDCR) and the total expenditure. FD is reflective of the total borrowing requirements of Government. **Revenue Deficit** refers to the excess of revenue expenditure over revenue receipts. **Effective Revenue Deficit** is the difference between Revenue Deficit and Grants for Creation of Capital Assets. **Primary Deficit** is measured as Fiscal Deficit less interest payments.

3. Budget 2019-20 reflects the Government's firm commitment to substantially boost investment in Agriculture, Social Sector, Education and Health. This is substantiated by increase in expenditure of ₹ 3,26,965 crores over RE (2018-19) while keeping the fiscal deficit at 3.4% of GDP.

4. In RE 2018-19, the total expenditure has been kept at ₹ 24,57,235 crore and is more than BE 2018-19 by ₹ 15,022 crore. The increase in total expenditure is on account of increased support to agricultural sector, interest payments and internal security.

5. राज्यों को जाने वाले कुल संसाधन, जिनमें करों में राज्य के हिस्से का अंतरण, अनुदान/ऋण और केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के तहत जारी निधियां शामिल हैं, ब.अ. (2019-20) में ₹13,70,620 करोड़ है, जिसमें सं.अ. (2018-19) की तुलना में ₹1,24,036 करोड़ का उछाल है और जो वास्तविक (2017-18) से ₹2,85,492 करोड़ अधिक है।

6. 2017-2018 के वास्तविक अनंतिम है।

5. The total resources going to States including the devolution of State's share in taxes, Grants/Loans, and releases under Centrally Sponsored Schemes in BE (2019-20) is ₹13,70,620 crore, with a jump of ₹1,24,036 crore over RE (2018-19) and ₹ 2,85,492 crore more than the Actuals (2017-18).

6. Actuals for 2017-2018 are provisional.

# बजट का सार Budget at a Glance

(₹ करोड़) (In ₹ crore)

| | | 2017-2018 वास्तविक Actuals | 2018-2019 बजट अनुमान Budget Estimates | 2018-2019 संशोधित अनुमान Revised Estimates | 2019-2020 बजट अनुमान Budget Estimates |
|---|---|---|---|---|---|
| **1. राजस्व प्राप्तियां** | **1. Revenue Receipts** | **1435233** | **1725738** | **1729682** | **1977693** |
| 2. कर राजस्व (केंद्र को निवल ) | 2. Tax Revenue (Net to Centre) | 1242488 | 1480649 | 1484406 | 1705046 |
| 3. कर भिन्न राजस्व | 3. Non Tax Revenue | 192745 | 245089 | 245276 | 272647 |
| **4. पूंजी प्राप्तियां[1]** | **4. Capital Receipts [1]** | **706742** | **716475** | **727553** | **806507** |
| 5. ऋणों की वसूली | 5. Recovery of Loans | 15633 | 12199 | 13155 | 12508 |
| 6. अन्य प्राप्तियां | 6. Other Receipts | 100045 | 80000 | 80000 | 90000 |
| 7. उधार और अन्य देयताएं [2] | 7. Borrowings and Other Liabilities[2] | 591064 | 624276 | 634398 | 703999 |
| **8. कुल प्राप्तियां (1+4)** | **8. Total Receipts (1+4)** | **2141975** | **2442213** | **2457235** | **2784200** |
| **9. कुल व्यय (10+13)** | **9. Total Expenditure (10+13)** | **2141975** | **2442213** | **2457235** | **2784200** |
| 10. राजस्व खाते पर जिसमें से | 10. On Revenue Account of which | 1878835 | 2141772 | 2140612 | 2447907 |
| *11. ब्याज भुगतान* | *11. Interest Payments* | *528952* | *575795* | *587570* | *665061* |
| *12. पूंजी परिसंपत्तियों के सृजन हेतु सहायता अनुदान* | *12. Grants in Aid for creation of capital assets* | *191034* | *195345* | *200300* | *200740* |
| 13. पूंजी खाते पर | 13. On Capital Account | 263140 | 300441 | 316623 | 336293 |
| **14. राजस्व घाटा (10-1)** | **14. Revenue Deficit (10-1)** | **443602** | **416034** | **410930** | **470214** |
| | | **(2.6)** | **(2.2)** | **(2.2)** | **(2.2)** |
| **15. प्रभावी राजस्व घाटा (14-12)** | **15. Effective Revenue Deficit (14-12)** | **252568** | **220689** | **210630** | **269474** |
| | | **(1.5)** | **(1.2)** | **(1.1)** | **(1.3)** |
| **16. राजकोषीय घाटा [9-(1+5+6)]** | **16. Fiscal Deficit [9-(1+5+6)]** | **591064** | **624276** | **634398** | **703999** |
| | | **(3.5)** | **(3.3)** | **(3.4)** | **(3.4)** |
| **17. प्राथमिक घाटा (16-11)** | **17. Primary Deficit (16-11)** | **62112** | **48481** | **46828** | **38938** |
| | | **(0.4)** | **(0.3)** | **(0.2)** | **(0.2)** |

[1] बाजार स्थिरिकरण योजना के अंतर्गत प्राप्तियों को छोड़कर।
[2] इसमें नकदी शेष में आहरण द्वारा कमी शामिल है।

**टिप्पणी :**

(i) 2018-2019 के संशोधित अनुमान में ₹ 18840731 करोड़ के अनुमानित सघउ की तुलना में 11.5 की वृद्धि दर मानते हुए 2019-2020 के बजट अनुमान में सघउ बढ़कर ₹ 21007439 करोड़ होने का पूर्वानुमान है।
(ii) इस दस्तावेज में पृथक-पृथक मदें पूर्णांकन के कारण संभवतः जोड़ से मेल न खाएं।
(iii) कोष्ठक में दिए गए आंकड़े सघउ के प्रतिशत के रूप में हैं।


[1] Excluding receipts under Market Stabilisation Scheme
[2] Includes drawdown of Cash Balance


**Notes:**

(i) GDP for BE 2019-2020 has been projected at ₹ 21007439 crore assuming 11.5% growth over the estimated GDP of ₹ 18840731 crore for 2018-19 (RE).
(ii) Individual items in this document may not sum up to the totals due to rounding off
(iii) Figures in parenthesis are as a percentage of GDP

# रुपया कहां से आता है Rupee Comes From

**(बजट Budget 2019-20)**





*टिप्पणियां:-1.* *कुल प्राप्तियों में करों और शुल्कों में राज्यों का हिस्सा शामिल है, जिन्हें पृष्ठ 1 पर सारणी में घटा दिया गया है*


2. आंकड़ों को बुर्णकित किया गया है।

Notes:-*1.* ***Total receipts are inclusive of States' share of taxes and duties which have been netted in the table on page1.***

***2. Figures have been rounded.***

# रुपया कहां जाता है Rupee Goes To
## (बजट Budget 2019-20)




टिप्पणी :-कुल व्यय में करों और शुल्कों में राज्यों का हिस्सा शामिल है, जिन्हें पृष्ठ 1 पर सारणी में प्राप्तियों में से घटा दिया गया है।

**Note:- Total expenditure is inclusive of the States' share of taxes and duties which have been netted against receipts in the table on page 1.**